CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:00 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:36 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 54 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 12 अगस्त 2024

एडवांस बुकिंग में खेल खेल में...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ट्रांजिट कैंप में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिला,मौत

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र डी ब्लॉक मछली बाजार निवासी 19 वर्षीय राकेश पुत्र वीरपाल सिंह किसी सिडकुल की कंपनी में काम करता था। वह रविवार की रात घर में ही पंखे के कुंडे में लटका मिला तो परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने बताया कि मृतक मूल रूप से ग्राम धनी नगला, दातागंज बदायू यूपी का निवासी था। मृतक का भाई ने बताया कि सिडकुल की कंपनी में काम करता था। पुलिस युवक की मौत के कारणों की जांच कर रही है।

### सल्ट के पीपना में वृद्धा से डेढ़ लाख के जेवर लूटे

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा जिले में सल्ट के पीपना गांव में रविवार को एक वृद्धा से लूटपाट का मामला सामने आया है। एक अज्ञात युवक ने महिला से छीनाझपटी कर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के गहने लूट लिए और महिला को घायल कर वहां से फरार हो गया। अल्मोड़ा जिले में सल्ट के पीपना गांव में रविवार को एक वृद्धा से लूटपाट का मामला सामने आया है। एक अज्ञात युवक ने महिला से छीनाझपटी कर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के गहने लूट लिए और महिला को घायल कर वहां से फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है। पीपना गांव निवासी कौशल्या देवी (65) पत्नी किशोर सिंह अपनी रिश्तेदारी में कहीं गई हुई थी। रविवार को करीब 11 बजे वह बाजार से अपने घर पीपना जाने के बाद एक निजी टैक्सी में सवार हुई।

## उत्तराखंड समेत 6000 'विशेष अतिथियों' को स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली आमंत्रित किया

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

78वें स्वतंत्रता दिवस की थीम 'विकसित भारत' है। विकसित भारत के लक्ष्य को साधने के लिए देश और राज्यों के कई विभाग उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष भी 6000 'विशेष अतिथियों' को भारत सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली आमंत्रित किया है।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में 78वें स्वतंत्रता दिवस की थीम है 'विकसित भारत'। विकसित भारत के लक्ष्य को साधने के लिए देश और राज्यों के कई विभाग उल्लेखनिय कार्य कर रहे हैं और विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से कई जरूरतमंद लाभांवित हो रहे हैं। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे देश से लगभग 6000 'विशेष अतिथियों' को भारत सरकार ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली आमंत्रित किया है। उत्तराखंड के विभिन्न केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी और विभागों में उल्लेखनिय कार्य कर रहे लगभग 110 लोग 15 अगस्त 2024 को दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में विशेष अतिथि के रूप में 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे।

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अटल इनोवेशन मिशन, लखपति दीदी योजना सहित कई योजनाओं के लाभार्थियों और नीति आयोग, आंगनवाड़ी केंद्रों, एएनएम-आशा कार्यकत्रियों, सीमा सड़क संगठन, पंचायती राज और जनजातिय मंत्रालय की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को 'विशेष अतिथि' के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने उठाए सवाल

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा का हमला आर्थिक अराजकता लाने की साजिश

**नई दिल्ली**
एजेंसी

उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं।

हाल ही में जारी की गई हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। सोमवार को भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह भारत के लोगों की ओर से ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस, उसके सहयोगी और टूलकिट गैंग की देश में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई तो रविवार को हंगामा हुआ। इसके बाद सोमवार को पूंजी बाजार अस्थिर हो गया। भारत शेयरों के मामले में सुरक्षित, स्थिर और आशावादी बाजार है। इस बाजार की निगरानी करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया तो उसने अपना जवाब नहीं दिया। बल्कि बेबुनियाद हमला किया।



उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? एक सज्जन जॉर्ज सोरोस जो नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाते हैं। वे उसके मुख्य निवेशक हैं। नरेंद्र मोदी के खिलाफ नफरत फैलाते हुए कांग्रेस भारत के खिलाफ नफरत पैदा कर ली है। अगर भारत का शेयर बाजार परेशान हो जाता है तो छोटे निवेशक परेशान होंगे। मगर कांग्रेस को इससे कोई सरोकार नहीं है।

## डीएम से शिकायत के बाद आपदा का हाल देखने पहुंची टीम

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

**निरीक्षण**

- मल्ला ब्यूरा हीरागढ़ दिलीप में बारिश से घरों में घुस रहा था मलबा

काठगोदाम के मल्ला ब्यूरा हीरागढ़ दिलीप में भूस्खलन की संभावना के मद्देनजर नगर निगम की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस मामले में स्थानीय निवासियों ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा था। बताया गया कि क्षेत्र में आपदा जैसे हालात पैदा हो रहे हैं।

नगर निगम के मल्ला ब्यूरा वार्ड क्षेत्र में पिछले दिनों बरसात के बाद लोगों के घरों में मलवा घुस गया था। इसके लिए लोगों ने खुद ही पानी की निकासी की व्यवस्था की थी। इसके बावजूद घरों में मलवा आने का क्रम जारी रहा। इस मामले में आपदा कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर कुछ अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। इधर पिछले दिनों यह मामला जिलाधिकारी वंदना सिंह के समक्ष उठाया गया था। डीएम ने नगर आयुक्त को समस्या के समाधान के निर्देश दिये थे। इसके मद्देनजर सोमवार को नगर निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल व जेई मनोज नैनवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इस बीच सहायक अभियंता नौटियाल ने बताया कि काठगोदाम में ब्यूरा के पास निर्माणाधीन पीएमजीएसवाई की सड़क के चलते मलवा वार्ड क्षेत्र के घरों में पहुंच रहा है।

वन विभाग की भूमि से होते हुए मलवा पानी के साथ आ रहा है। उन्होंने बताया कि पानी की निकासी का प्रबंध करने की जरूरत है। इस संबंध में वह नगर आयुक्त को रिपोर्ट सौंपेंगे। इस दौरान स्थानीय निवासी कौशल जोशी, गोविंद डंगवाल, नवीन बिष्ट, धीरज कांडपाल, नवीन पलड़िया, मोहित कांडपाल आदि मौजूद थे।

## देहरादून समेत छह जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, नैनीताल, चंपावत, चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश होने के आसार हैं।

प्रदेश के पर्वतीय जिलों में सोमवार को भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, नैनीताल, चंपावत, चमोली और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जिलों में भी तेज दौर की



बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी प्रदेश के पर्वतीय जिलों में तेज दौर की बारिश की संभावना है। कहा, बारिश के दौरान संवेदनशील इलाकों में दिन के साथ रात को भी सतर्कता बरतें। मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा, बारिश के दौरान संवेदनशील इलाकों में अधिक सतर्कता के साथ रहें। साथ ही आवश्यक न हो तो पर्वतीय इलाकों में यात्रा करने से भी बचें।

## बिहार के जहानाबाद में वाणावार सिद्धेश्वर धाम में भगदड़, सात श्रद्धालुओं की मौत

**बिहार**
एजेंसी

सावन पर सोमवारी की सुबह-सुबह बिहार के जहानाबाद में बड़ा हादसा हुआ। वाणावार सिद्धेश्वर धाम में ऐसी भगदड़ मची कि देखते ही देखते सात शव निकाले जा चुके हैं। सोमवार सुबह सूर्योदय के समय ही यह हादसा हुआ।

बिहार के जहानाबाद जिले से सावन की चौथी सोमवारी पर बड़े और दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। श्रद्धालुओं के बीच मची भगदड़ में सात लोगों की मौत हो गई है। घटना वाणावार सिद्धेश्वर धाम के भक्तों की भीड़ के बीच हुई। बताया जा रहा है कि चौथी सोमवारी को जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी थी। वाणावार पहाड़ पर पतालगंगा से जो सीढी जाती है उसपर दर्जनों श्रद्धालु चढ़ और उतर रहे थे। मंदिर के पास सीढ़ी पर कांवरियों के बीच किसी



बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते धक्का-मुक्की की स्थिति उत्पन्न हो गई। मंदिर के पास मौजूद पुलिसकर्मियों ने हालात काबू पाने की कोशिश की लेकिन अचानक भगदड़ मच गई। भगदड़ होते ही इधर-उधर लोग भागने लगे। अंधेरे में लोग एक-दूसरे को कुचलते हुए इधर-उधर भागने लगे। इधर, पुलिस जब तक हालात को नियंत्रित करती तब तक छह महिला समेत सात श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया। सोमवार को सूर्योदय से पहले ही यह हादसा हुआ। हादसे में 10 से ज्यादा लोगों के घायल होने की बात सामने आ रही है। मंदिर क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों और स्वयंसेवकों की मदद से राहत और बचाव का कार्य चल रहा है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

प्रत्यक्षदर्शी मनोज ने बताया कि अगर प्रशासन ने अच्छा काम किया होता, तो फूल विक्रेता झगड़ा नहीं करता। हमलोगों के सामने ही विवाद हुआ था। इतने सारे श्रद्धालु वहां फंसे हुए थे, किसी ने मुझे वहां से निकाला। अगर मैं एक या दो मिनट और वहां फंसा रहता, तो मेरी भी मौत हो जाती। पुलिस मौके पर कहीं नजर नहीं आ रही थी। मामले में जदयू के जिलाध्यक्ष ने बताया कि बराबर में हादसा हुआ है। सात लोगों की मौत हो गई। घायलों का इलाज चल रहा है। जहानाबाद के बाराबर स्थित सिद्धेश्वर धाम में सोमवारी को लेकर भीड़ काफी बढ़ गई थी। इसी बीच अचानक भगदड़ मच गई।

जहानाबाद के थानेदार दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि हादसे के बाद डीएम और एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वह हालात का जायजा ले रहे हैं। अब तक सात लोगों की मौत की सूचना मिली है। हमलोगों मृत और घायल लोगों के परिजनों से मिल रहे हैं और पूछताछ कर रहे हैं।

# सरकार का यही रवैया रहा तो उग्र आंदोलन करेंगे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम की ओर से नियमितिकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन को रविवार को पूरे 40 हो गए हैं। निगम कर्मियों ने देहरादून के साथ ही नैनीताल में भी आंदोलन का बिगुल बजाया है लेकिन सरकार की ओर से गांधीवादी तरीके के साथ ही पर्यावरण संरक्षण व सफाई अभियान चलाने के बाद भी आंदोलित कर्मियों की कोई सुध नहीं ली जा रही है,आंदोलित कर्मियों के मुताबिक अगर सरकार का यही रवैया आगे भी रहा तो वह आंदोलन को उग्र करने के लिए विवश होंगे।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि रविवार को भी कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों के परिसरों में निगम कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। गुरुरानी के मुताबिक अपनी तरह के राज्य के इतिहास में किए जा रहे अनूठे आंदोलन के तहत निगम के कर्मचारी अपनी मांग को मनवाने के लिए जहां अपनी-अपनी इकाइयों में निगम हित और राज्य हित में कार्य कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर देवभूमि उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण के तहत बृहद रूप से पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चला रहे हैं। निगम कर्मी 1000 फ ीट की ऊंचाई से लेकर 15000 फीट की ऊंचाई तक पौधों का रोपण कर रहे हैं, यह एक ऐतिहासिक आंदोलन है। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उन्होंने निगम के कर्मचारियों को 10000 पौधों के रोपण का लक्ष्य दिया है, जो निगम के कर्मचारियों के द्वारा पूरा किया जाएगा। गुरु रानी ने कहा कि गांधीवादी तरीके से दिया जा रहा धरना और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे पौधारोपण व स्वच्छता अभियान के बाद भी सरकार का ध्यान उनकी मांगों की तरफ नहीं जा रहा है।

गुरुरानी ने कहा कि इस संबंध में प्रमुख सचिव पर्यटन व प्रबंध निदेशक कुमाऊँ मंडल विकास निगम से वार्ताएं जारी हैं लेकिन समाधान नहीं हो रहा है।

गुरुरानी ने कहा कि रविवार को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के 50 पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में हर सिंह, शेर सिंह, शोभा राम, पदम सिंह, वेद प्रकाश, राजेंद्र सिंह, दीपक सिंह, गोपाल सिंह, महेश राम, नरेंद्र थापा, विजय बोरा, सौरभ खोलिया व नरेंद्र सिंह मौजूद रहे। दूसरी ओर नैनीताल में धरना कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में गुस्साएं कर्मियों ने केव गार्डन परिसर में पौधरोपण किया।

## शराब के जखीरे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने देशी शराब के जखीरे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान ख्वाजा मस्जिद के पास स्कूटी सवार पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस ने उसे धर दबोचा। स्कूटी के पायदान में रखे कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें 224 ट्रेटा पैक्स माल्टा देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में चेतन कबड़वाल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी जसपुर खोलिया बंगर पोस्ट किशनपुर गौलापार बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वही पुलिस बनभूलपुरा स्थित रेलवे पटरी से एक अधेड़ को 54 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बालक राम पुत्र स्व. किशन निवासी वार्ड नंबर 15 जवाहर नगर का रहने वाला है। पुलिस ने उसके खिलाफ भी आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों शराब तस्करों को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।



# कूड़े को उपयोग में लाकर पार्क में लगे चार चांद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से वेस्ट कूड़े का उपयोग कर पार्क की सजावट के लिए किया जा रहा है।

पानी की खाली बोतलों को पार्कों में लगाकर पेंट कर पार्कों को सजाया जा रहा है जिससे खाली बोतलों के उपयोग के साथ कूड़े का भी निस्तारण किया जा रहा है।

बता दें कि वर्तमान में पालिका प्रशासन ने मल्लीताल स्थित चिल्ड्रन पार्क और बाल्मिकी पार्क को सजा दिया है और पंत पार्क में वर्तमान में सजावट का काम किया जा रहा है।

मामले में पालिका के सुपरवाइजर बबलू ने बताया कि ईओ पूजा चंद्रा के निर्देश पर पार्कों की सफ ाई और सजावट की जा रही है। सजावट कार्य में रोहित भाटिया तथा कुर्बान आदि लोग मौजूद थे।

# साह-चौधरी समाज ने किया वृहद पौधारोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

साह-चौधरी समाज द्वारा रविवार को समीपवर्ती गेठिया पड़ाव में एक वृहद पौधारोपण किया गया, जिसमें विभिन्न प्रजातियों के फ लदार समेत विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए जिससे हरियाली में इजाफा हो और पर्यावरण का दोहन ना हो सके। इस दौरान समाज के सभी लोगो से पौधरोपण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। पौधरोपण कार्यक्रम में साह-चौधरी समाज नैनीताल के अध्यक्ष सुरेश लाल साह, सचिव सुरेश चंद्र चौधरी समेत मनोज साह,घनश्याम लाल साह, शैलेंद्र साह, हितेश साह, शैलेंद्र चौधरी,हर्षित साह, मोहित लाल साह, मयंक सा,मनोज साह गंगोला, प्रखर साह गंगोला, मोहित साह, दीपक साह, बिमल साह, किशन लाल साह, योगेंद्र चंद्र साह, गर्वित साह, युवराज साह, कविता साह गंगोला, ईशा साह,भारती साह, सांभवी साह, मोनिका साह, मधु साह,नीलिमा साह व किशन रावत समेत क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।




## NEWS / फटाफट

### माता की चौकी का विशेष आयोजन



**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से रविवार को मल्लीताल स्थित गोवर्धन हाल में माता की चौकी का विशेष आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी फिंचा सिंह चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सबसे पहले जय गुरुदेव प्रणाम आपके चरणो में भजन गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात बाद गणेश वंदना हुई और फि र माता के भजन शुरू हुए और पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान गणेश भगवान, शंकर, पार्वती, राधा कृष्ण, मां काली की झांकी निकाली गई और फूलों की होली भी खेली गई। रुद्रपुर से आई गगन ग्रोवर और हिमांशु राणा की भजन मंडली ने बेहद सुंदर भजनों से सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंढियाल, कार्यक्रम संयोजक रानी शाह, जीवंती भट्ट, अमिता, सीमा सेठ, कविता त्रिपाठी, मीनू बुधलाकोटी, रमा भट्ट, प्रेमा अधिकारी, दीपिका, मधुमिता, सरिता त्रिपाठी, विनीता पांडे, कंचन जोशी, लीला राज, सरिता त्रिपाठी, ज्योति वर्मा, नीरू शाह, संगीता श्रीवास्तव, अमिता शेरवानी, रमा तिवारी, तनु सिंह, रेखा जोशी, नेहा गुप्ता, दया कुंवर, जया वर्मा व विनीता रावत व सरस्वती सिराला आदि सदस्य मौजूद रहे।

### भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता गिरीश साह के निधन पर शोक



**नैनीताल ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता तल्लीताल बाजार स्थित गिरीश जनरल स्टोर (डाबर स्टोर) के स्वामी गिरीश साह के निधन पर भाजपाईयों ने गहरा दु:ख जताया है। बता दें साह का निधन बीते तीन अगस्त को हो गया था,रविवार को दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विधायक दफ्तर तल्लीताल में कार्यकर्ताओं द्वारा शोक सभा कर पवित्र आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक सभा में मंडल अध्यक्ष आनन्द बिष्ट समेत अरविंद पडियार, विमला अधिकारी, संतोष कुमार, आरती बिष्ट,जया बिष्ट, हेमा बिष्ट, विक्रम राठौर, मयंक साह,सुनील बिष्ट तथा महावीर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बरसाती नाले में पुलिया बनाने की मांग को लेकर विधायक से मिले



**हल्द्वानी।** वार्ड-37 दमुवाढूंगा के निवासियों ने कमेटिया बरसाती नाले में पुलिया बनाने की मांग को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी के नेतृत्व में तमाम लोग सोमवार को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश से मिले और ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि वे करीब 35 साल से यहां रह रहे हैं लेकिन अब तक आवाजाही के लिए पुलिया नहीं बन पाई है। बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश ज्यादा होने पर कमेटिया नाला उफान पर आ जाता है। इसकी वजह से नौकरी पेशा काम पर नहीं जा पाते और स्कूली बच्चों को भी घर पर ही बैठना पड़ता है। इस पर विधायक ने कॉलोनी वासियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही पुलिया का निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। विधायक से मिलने वालों में विक्की टम्टा, सागर टम्टा, राजू, गीता देवी, जीवंती देवी, हेमा देवी, चंद्रा देवी, बसंती देवी, सुरेश कुमार, रमेश कुमार आदि शामिल थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# चिल्ड्रन फुटबाल: सेंट जोसेफ कॉलेज ने मैच जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



डीएसए मैदान में सीआरएसटीसी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन द्वारा आयोजित एवं द नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित 76वीं एच. एन. पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन फुटबाल टूर्नामेंट के तहत रविवार को प्रतियोगिता का अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया।

यह मुकाबला सेंट जोसेफ कॉलेज एवं सीआरएसटी इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया। मध्यांतर तक सेंट जोसेफ कॉलेज की टीम 1-0 से बढ़त पर थी जबकि मध्यांतर बाद भी खेल समाप्ति तक यही स्कोर रहा, इस प्रकार सेंट जोसेफ कॉलेज ने 1-0 से मैच जीतकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। विजेता सेंट जोसेफ कॉलेज की तरफ से आदित्य चौधरी ने एकमात्र गोल किया। रेफ री देवेंद्र बोरा, भाष्कर,अपूर्व बिष्ट व चारू रहे ।

इस दौरान सीआरएसटीसी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चंद्र बवाड़ी, महासचिव डा. मनोज सिंह बिष्ट, संरक्षक कैप्टन एल.एम.साह समेत धर्मेंद्र शर्मा, मोहित लाल साह, आनंद सिंह बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी, शैलेंद्र बर्गली, शैलेंद्र चौधरी,भूपाल नयाल, रितेश साह, विनोद साह, शैलेंद्र चौधरी, रोहित जोशी तथा विश्व केतु वैद्य आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर अब सोमवार (आज)प्रतियोगिता का पहला सेमी फ इनल शाम को 5 बजे बीएसएसवी ए तथा पीपीजे दुर्गापुर के मध्य खेला जायेगा तथा फाइनल की खिताबी मुकाबला 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर खेला जाएगा।

# अभिमत

## रणनीति बदली

*कश्मीर घाटी में घुसपैंठ नहीं कर पाने से आतंकवादियों ने रणनीति बदल दी है। जम्मू में सीमा पार करके पाकिस्तान से आतंकवादी घुसपैंठ कर रहे हैं। जम्मू में आतंकवादियों ने हमले तेज कर दिये हैं। आतंकी हमलों में अनेक भारतीय जवान शहीद हुए हैं। पाकिस्तान से सटी सीमा कई किलोमीटर लम्बी है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात नहीं हो सकते। हालांकि ड्रोन के माध्यम से घुसपैंठ करने वालों पर नजर रखी जाती है, फिर भी आतंकवादी सीमा पार करके घुसपैंठ में सफल हो जाते हैं। घुसपैंठियों को पनाह देने वाले स्थानीय लोगों पर अंकुश लगाना जरूरी है।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद पर काबू पाने में काफी हद तक सफलता हासिल की है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद जम्मू-कश्मीर को छोड़कर देश के अन्य राज्यों में पाकिस्तान के आतंकवादी अपने नापाक मंसूबों में नाकाम रहे हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं पर पूरी तरह काबू नहीं किया जा सका है। कश्मीर घाटी में कड़ी सुरक्षा होने से आतंकवादी घुसपैंठ पर रोक लगी है। कड़ी कार्रवाई होने से अलगाववादियों के गुमराह करने से स्थानीय लोग अब आतंकवादियों को छिपाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। अलगाववादियों की फंडिंग पर अंकुश लगने से सुरक्षा बलों पर कश्मीर के युवा पत्थरबाजी नहीं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में घुसपैंठ नहीं कर पाने से आतंकवादियों ने रणनीति बदल दी है। जम्मू में सीमा पार करके पाकिस्तान से आतंकवादी घुसपैंठ कर रहे हैं। जम्मू में आतंकवादियों ने हमले तेज कर दिये हैं। आतंकी हमलों में अनेक भारतीय जवान शहीद हुए हैं। पाकिस्तान से सटी सीमा कई किलोमीटर लम्बी है। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा जवान तैनात नहीं हो सकते। हालांकि ड्रोन के माध्यम से घुसपैंठ करने वालों पर नजर रखी जाती है, फिर भी आतंकवादी सीमा पार करके घुसपैंठ में सफल हो जाते हैं। घुसपैंठियों को पनाह देने वाले स्थानीय लोगों पर अंकुश लगाना जरूरी है। जिस तरह कश्मीर घाटी में घर-घर तलाशी अभियान चलाकर आतंकियों को छिपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई उसी तरह जम्मू में अभियान चलाना होगा। अब सुरक्षा बलों की अतिरिक्त बटालियन जम्मू क्षेत्र में तैनात की गई हैं। पहले से तैनात जवान सीमा पर चौकसी कर रहे हैं। नये भेजे गये जवान जम्मू की बस्तियों में संदिग्ध लोगों की धरपकड़ करेंगे। संदिग्ध व्यक्ति के दोषी साबित हो जाने के बाद सिर्फ गिरफ्तारी से काम नहीं चलेगा। अपराधी को मौत के घाट उतारना होगा, क्योंकि आतंकी हमले में भारतीय सेना के इतने अधिक जवान शहीद हो चुके हैं, जितने पाकिस्तान के साथ दो युद्ध में भी वीर गति को प्राप्त नहीं हुए थे। कश्मीर घाटी की तुलना में जम्मू क्षेत्र सुरक्षित माना जाता रहा है। आर्थिक रूप से जम्मू संपन्न है। आतंकवादी घटनाओं से जम्मू की अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और कश्मीर घाटी तथा लद्दाख की आर्थिक गतिविधियां लड़खड़ा जायेंगी। जम्मू से ही वैष्णो देवी को हर साल करोड़ों श्रद्धालु जाते हैं। जम्मू-कश्मीर के राजस्व में वैष्णो देवी के धार्मिक पर्यटन का बड़ा योगदान है। जम्मू के अशांत क्षेत्र होने से पर्यटन को क्षति पहुंचेगी और पूरे देश पर असर होगा।

# गिरफ्तार अधिवक्ता की पत्नी से सोने चेन झपटने वाला,चेन बरामद

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने एक अधिवक्ता की पत्नी से सोने की चेन झपटने वाले को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चेन बरामद की है। पुलिस उसे जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है।

रविवार शाम को कोतवाली में एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि आठ अगस्त की सुबह न्यू शक्ति विहार कालोनी निवासी अधिवक्ता मनोज तनेजा अपनी पत्नी रचना रानी तनेजा के साथ बच्चों के स्कूल से घर वापस आ रहे थे। इसी बीच सिंह कालोनी रोड पर पीछे से आ रहे नकाबपोश स्कूटी सवार ने पत्नी के गले में पहनी दो तोले की सोने की चेन झपट ली थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही कई संदिग्धों से पूछताछ कर स्कूटी सवार बदमाश तक पहुंचने का प्रयास किया था। पुलिस



को सूचना मिली कि स्कूटी सवार एक संदिग्ध काशीपुर रोड स्थित फ्लाई ओवर के पास है। जिस पर कोतवाल मनोहर सिंह दशौनी, आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलख्वाल, उमेश सिंह, दिनेश सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए। एसपी ने बताया कि पुलिस को देखकर एक स्कूटी सवार भागने लगा। पुलिस को शक होने पर पीछा करते हुए उसे दबोच लिया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि पूछताछ में उसने अपना नाम वार्ड नंबर 14 नवीन शिक्षा निकेतन के पास भदईपुरा निवासी मोहम्मद वसीम उर्फ सलमान उर्फ कीटाणू पुत्र इब्ले हसन बताया। आठ अगस्त की सुबह उसने सिंह कालोनी में स्कूटी में पीछे बैठी महिला की सोने की चेन झपटी थी। जिस पर पुलिस ने उसकी निशानदेही पर सोने की चेन बरामद कर ली। बाद में पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## भीमताल तेंदुए का आतंक बना, अंधेरा होने से पहले घरों के अंदर लोग

**धारी।** भीमताल नगर के नवनिर्वाचित वार्ड 3 एवं वार्ड 4 में लगातार आजकल पिछले कई समय से तेंदुए बाग का आतंक बना हुआ है, स्थानीय जनता में सुबह शाम भय व्याप्त है स्थानीय लोगों का कहना कि सुबह शाम सार्वजनिक रास्तों, सड़कों पर अधेरा होने से खतरा और बढ़ रहा है कई बार नगर पालिका से प्रकाश पथ सार्वजनिक रास्तों पर देने की मांग रखी किन्तु नगर पालिका को नगर वासियों की सुध नहीं, बिलासपुर आदि जगहों पर पालतू जानवरों में झपटने की घटना हो रही हैं, जगह जगह क्षेत्र में कई लोगों को अलग अलग जगहों पर हर दूसरे तीसरे दिन तेंदुआ बाग दिखाई दे रहा है, बेरोजगार संघ अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने बताया कि बीते दिनों में बिलासपुर क्षेत्र में पालतू कुत्ते में तेंदुआ बाग झपटा, शीघ्र पिंजरा लगाकर इसे पकड़े और स्थानीय आम जनता को सुरक्षा दे उनका भय दूर करें। माँग करने वालों में धीरज सिंह कुल्यान, पंकज मेहता, पवन जोशी, लाखन भगत, संजय सिंह कुल्यान, गौरव जोशी, नीरज जोशी रहे।

## यातायात कार्यलय में चालकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**रुद्रपुर ।** एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देशन,एसपी यातायात के पर्यवेक्षण और सीओ यातायात बीएस चौहान की मौजूदगी में इंदिरा चौक स्थित यातायात कार्यालय परिसर में स्लीप ऐपनीया का स्वास्थ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में चलने वाले ट्रक, बस,टुकटुक, टेंपो,कार चालको का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सीओ यातायात ने वहां मौजूद चालकों को स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय नियमों के तहत चलें। उन्होंने बताया कि चालकों समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहना चाहिए।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम काव्य जैन से बदलकर विवान जैन रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे विवान जैन (VIVAAN JAIN) नाम से जाना पहचाना जाए। विवान जैन पुत्र अमित जैन, 237/1, वार्ड-7 सतीश कालोनी, हीरा नगर, हल्द्वानी (नैनीताल)

# रुद्रपुर में मनचलों का आतंक, भाई के साथ ठेली पर डोसा खा रही युवती से अश्लील हरकतें, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

रविवार की रात गांधी पार्क के पास एक ठेली पर भाई के साथ डोसा खा रही युवती से तीन युवकों ने छींटाकशी करते हुए अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर तीनों में एक युवती के शरीर पर हाथ मारने लगा।

बाद में वहां एक युवक को मदद से पकड़ लिया। जबकि दो भागने में सफल हो गए। पकड़े गए युवक को चौकी ले जाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक बाजार पुलिस चौकी क्षेत्र भगतसिंह चौक निवासी एक युवक ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रविवार की रात करीब 8:30 बजे में और मेरी बहन गांधी पार्क एक ठेली पर डोसा खा रहे थे। तभी वहां पहले से खड़े तीन लड़के बहन की तरफ देखकर हंसने लगे और अश्लील इशारे कर बातें करने लगे। हम लोग वहां हट कर एक साइड में जाकर खड़े हो गए। इसके बावजूद उनमें से एक लड़का



पास आया और बहन के गलत तरीके से लात मारी। विरोध किया तो गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि अश्लील हरकतें कर बोला धंधा करने वाली लड़कियां यही नंगा करके नचाऊंगा। पुलिस को बुलाने को कहा तो बोला बुलाले पुलिस से कौन डरता ह। आरोप है कि बाद में बहन का सूट फाढ़ने की कोशिश करते हुए शरीर पर हाथ मारा। जानते नहीं हो आजकल तुम जैसी लड़कियों के साथ क्या हो रहा है बांग्लादेश में वही हाल करूंगा। पीड़ित के मुताबिक फोन करके भाई को बुला लिया। तभी एक युवक को और लोगों की मदद से पकड़ लिया।


**दुस्साहस**

- गांधी पार्क के पास ठेली पर भाई के साथ डोसा खा रही युवती से तीन युवकों ने की अश्लील हरकतें
- जबरदस्ती करने की कोशिश, एक युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा, दो फरार
- धमकी वही हाल करूंगा जो आजकल बांग्लादेश में हो रहा

दो युवक भागने में सफल हो गए। उसे पुलिस चौकी ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है। फरार दोनों युवकों की भी तलाश की जा रही है। इधर लोगों का कहना है कि शहर में लड़कियों का निकलना दूभर हो गया है। मनचलों का आतंक फैल गया है। मोबाइल छीनने की घटनाएं भी हो रही है। ऐसे लोगों को पुलिस का भी खौफ नहीं है।

# फिल्मी दुनिया

## एडवांस बुकिंग में खेल खेल में की सुस्त रफ्तार



*अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। हालांकि, फिल्म को लेकर लोगों में कोई खास उत्साह नजर नहीं आ रहा है। यही वजह है कि यह फिल्म अब तक महज कुछ लाख का कलेक्शन ही कर सकी है।*

*अक्षय कुमार के लिए साल 2024 अच्छा नहीं गुजर रहा है। उनकी दो बहुप्रतीक्षित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरफ्लॉप रही हैं। फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से लोगों को काफी ज्यादा उम्मीदें थीं, लेकिन टिकट खिड़की पर यह फिल्म असफल साबित हुई। वहीं, उनकी हालिया रिलीज फिल्म सरफिरा भी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई। अब खिलाड़ी कुमार एक नई फिल्म के साथ पर्दे पर दोबारा कामयाबी के झंडे बुलंद करने की कोशिश में हैं। उनकी फिल्म खेल खेल में जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। 15 अगस्त को रिलीज होने को तैयार इस फिल्म की एडवांस बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। हालांकि, बुकिंग में फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक एडवांस बुकिंग मे अब तक फिल्म के केवल 1,445 टिकट ही बिक सके हैं। इससे यह फिल्म केवल छह लाख 26 हजार के करीब ही कमाई कर सकी है। फिल्म की एडवांस बुकिंग के ये आंकड़े हैरान कर देने वाले हैं। मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी इस फिल्म का मुकाबला राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत फिल्म स्त्री 2 और जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा से है।*

### स्त्री 2 से है काफी पीछे

*एडवांस बुकिंग के मामले में यह दोनों ही फिल्मों से पिछड़ती नजर आ रही है। स्त्री 2 की बात करें तो रिलीज से पहले ही फिल्म ने दो करोड़ रुपये से ज्यादा बटोर लिए हैं। वहीं, वेदा ने 15.29 लाख रुपये एडवांस बुकिंग से कमा लिए हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि छुट्टी वाले दिन रिलीज होने पर तीनों में से किस फिल्म को सबसे ज्यादा फायदा मिलता है।*

# आठ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव की सफलता के लिए समिति का गठन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

श्री राम सेवक सभा के तत्वावधान में आगामी 8 सितंबर से शुरु होने जा रहे आठ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव की सफलता के लिए सभा परिवार ने 21 विभिन्न समितियों का गठन कर लिया है।

सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी के मुताबिक जिन समितियों का गठन किया गया है उनमें क्रमशः कदली वृक्ष, मूर्ति निर्माण, मंडप निर्माण, मंडप व्यवस्था, पांच आरती,देवी भोग, सुंदरकांड, प्रसाद वितरण, मंदिर प्रवेश समिति, सीधा प्रसारण, दान पत्र व चंदा समिति, सांस्कृतिक शोभा यात्रा, मंदिर सफ ाई, भंडारा,देवी दर्शन समिति, डोला भ्रमण ,डोला विसर्जन समिति, दीपदान, मंदिर परिसर चंदा व मंदिर परिसर उद्घोषणा तथा मेला प्रवक्ता समिति शामिल हैं। दोनों पदाधिकारियों के मुताबिक कार्य को पूर्ण करने के लिए श्रद्धालुओं के



साथ जिला प्रशासन, जिलाधिकारी व श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट, डीएसए, पालिका, जल संस्थान, पुलिस, मीडिया कर्मियों, सूचना विभाग का विशेष सहयोग लिया जाएगा तथा मूर्ति निर्माण के लोक पारंपरिक कलाकार चंद्र प्रकाश साह के साथ मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों का भव्य निर्माण करवाया जाएगा।

News कॉर्नर

## दवा लेने के लिए गई महिला लापता

**हल्द्वानी।** दवाई लेने के लिए घर से निकली महिला लापता हो गई है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। पति की ओर से मुखानी थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। अंशुगुप्ता पुत्र पुरुषोत्तम हाल निवासी अम्बिका कॉलौनी छड़ैल गैस गोदाम रोड ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी पत्नी नीलम गुप्ता 15 जुलाई को घर से दवा लेने के लिए गाजियाबाद स्थित डा. अनिल वर्मा के पास गयी थी। उसकी पत्नि को किडनी की समस्या है। जिसकी दवाई- इलाज गाजियाबाद से चल रहा है। पति का कहना है कि उसकी पत्नी को गए हुए लंबा अरसा हो गया है लेकिन वह अभी तक वापस नहीं लौटी है। उसका नंबर भी बंद है। सभी रिश्तेदारों से भी संपर्क यिका गया लेकिन उसका कहीं कोइ सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने पत्नी की बरामदगी की गुहार लगाई है।

## देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के राकेश सचिव बने



**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने हल्द्वानी के वरिष्ठ व्यापारी राकेश मेहरा को आजीवन सदस्य के साथ ही कुमाऊं मंडल का सचिव मनोनीत किया है। मेहरा के मनोनयन पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, ? प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, कुमाऊं प्रवक्ता हरजीत चड्ढा, प्रदेश युवा अध्यक्ष आफताब हुसैन, भुवन दर्मवाल, मनोज शर्मा, राकेश जोशी, प्रदेश मंत्री हिमांशु मेर,प्रदेश सचिव पूरन सिंह पूना, राजेश अधिकारी, मनोज पवार, भास्कर सुयाल, अमित बुधलाकोटी, रवि गुप्ता समेत ट्रांसपोर्टनगर के व्यापारियों ने हर्ष जताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# रुद्रपुर से लापता हमजा बेग की बरामदगी को एक दिवसीय कलेक्ट्रेट में धरना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता




कोतवाली क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी से 2 जुलाई से लापता हुए किशोर की बरामदगी की मांग को लेकर परिजनों समेत कालोनी के लोगों ने कलेक्ट्रेट गेट पर धरना दिया। इस दौरान लापता किशोर की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने जिला प्रशासन, एसएसपी से हमजा बेग की बरामदगी में मदद करने की गुहार लगाई। आरोप है कि पुलिस किशोर की तलाश में कोई कार्रवाई नहीं कर रही। सोमवार को लापता हमजा बेग के परिजनों के साथ ही कालोनी के लोग कलेक्ट्रेट पहुंच गेट पर धरना दिया। धरने पर बैठे लोगों का कहना था कि 2 जुलाई से लापता हमजा बेग का कोई सुराग नहीं लगा है। धरने पर बैठे लोग हमजा बेग की बरामदगी की मांग की। पुलिस इसमें ठीक से काम नहीं कर रही। अगर पुलिस ठीक से काम करती तो 2 जुलाई से अब तक बच्चा हमजा बैग को बरामद कर लिया जाता। परिजनों का आरोप है कि पुलिस के अधिकारियों ने पहले उनको आश्वासन दिया था जल्द ही बच्चे को बरामद किया जाएगा। एसओजी सहित उच्च स्तरीय टीम लगाई जाएगी। लेकिन अब तक टीम को नहीं लगाया गया। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पूरे मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। धरना एक दिवसीय है। धरने पर बैठी हमजा बेग की शबनम का रो-रो कर बुरा हाल है। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा,फैजल खान, मोहम्मद रजा,फरीद अहमद मंसूरी,कलीम अहमद, दानिश, अतीक,राजा समेत अन्य कई मौजूद रहे।

**मांग**

- लापता किशोर की मां का रो-रो कर बुरा हाल, सीबीआई की जांच की मांग की

# दबंगों ने दंपति पर घेराबंदी की,जान लेवा हमला किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पुलिस ने एक महिला की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हमलावरों पर घर जाते समय रास्ते में घेराबंदी कर हमला करने का आरोप है।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र अर्जुनपुर निवासी करमजीत कौर ने पुलिस को बताया कि पति बलवीर सिंह को रूद्रपुर कोतवाली से छुड़वाकर घर अर्जुनपुर लेकर जा रहे थी । पीड़िता के मुताबिक रास्ते में वहाँ पर पहले से मौजूद कम से कम 10 लोग छुपकर खड़े थे। आरोप है कि हम लोगों को देखते ही जान लेवा हमला कर दिया। हमले में पति घायल हो गए। महिला का आरोप है कि उसके अभद्रता करते हुए मारपीट और कपडे तक फाड़ने की कोशिश की।



बताया कि कुछ ही देर में वहां से निकल रहे चाचा और चाची ने बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। उसके बच्चे को मारने की कोशिश की। सभी के हाथों में हाथियार भी थे। फोन भी उक्त लोगो ने तोड़ दिया। धमकी दी अगर गवाही दी तो तो जान से मार देगें। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि महिला की ओर से तहरीर में जसपाल सिंह, प्रित्तम सिंह, गुरमीत सिंह, लखविन्दर सिंह, रजविन्दर सिंह,अमरजीत सिंह, सोनू सिंह, सिंगारा सिंह, हरजीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस जांच कर रही है।

**मारपीट**

- महिला का आरोप हमलावरों ने उसके कपड़े फाड़ने की कोशिश की, पति घायल
- पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, 9 नामजद, महिला कोतवाली से पति को लेकर घर जा रही थी

# यातायात कार्यलय में चालकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देशन,एसपी यातायात के पर्यवेक्षण और सीओ यातायात बीएस चौहान की मौजूदगी में इंदिरा चौक स्थित यातायात कार्यालय परिसर में स्लीप ऐपनीया का स्वास्थ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में चलने वाले ट्रक, बस,टुकटुक, टेंपो,कार चालको का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान सीओ यातायात ने वहां मौजूद चालकों को स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय नियमों के तहत चलें। उन्होंने बताया कि चालकों समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहना चाहिए। इस दौरान 150 से अधिक चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। इस मौके पर यातयात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या, सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट,टीएसआई धनपाल तनवार, हेड कांस्टेबल इंदिरा भंडारी,एचसी राजेंद्र प्रसाद, नीमा बिष्ट, रोहित चौधरी, मनोज कुमार, नंदन गोस्वामी, शहनाज, रवि कुमार समेत निजी अस्पताल के चिकित्सक जितेश आदि मौजूद रहे।



# बांग्लादेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर जताया आक्रोश




रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के ऊपर अत्याचार को लेकर हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है और सरकार से हिंदुओं की रक्षा करने की मांग की।

रविवार शाम को सैकड़ों की संख्या में गांधी पार्क में एकत्रित हुए लोगों ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से बांग्लादेशी में हिंदुओं पर हो अत्याचार को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए।

लोग हाथों में तख्तियां लेकर गांधी पार्क से जुलूस निकाल कर लेकर मेन मार्केट होते हुए बांग्लादेश के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। लोगों का कहना था कि बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार को सत्ता पलट के बाद वहां रह रहे हिंदुओं पर अत्याचार शुरू हो गये। मंदिर तोड़े जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा नेता भारत भूषण चुघ, अनिल चौहान, किरन विर्क, राकेश सिंह, विजय बाजपेई, सोनू अनेजा, राजकुमार, सुशील यादव, नीलकंठ राणा, राज कोली, राकेश शर्मा, हिमांशु सरकार, अल्का गोयल, विराट आर्य, गोविंद राय, आयुष कुमार, ईश्वरी प्रसाद राठौर, प्रीत, बबलू सागर,सनी पासवान प्रमिला विश्वास समेत हिंदूवादी संगठन के लोग मौजूद रहे। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में उत्तराखंड में जगह जगह विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## राज्य आंदोलनकारियों ने चितौड़खाल में किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** स्थायी राजधानी गैरसैंण बनाए जाने और मूल निवास और भू-कानून की मांग पर कार्यवाही की मांग को लेकर स्याल्दे के चितौड़खाल में राज्य आंदोलनकारियों ने प्रदर्शन किया।

रविवार को धनगड़ी पुल संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुनील टम्टा के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारी और स्थानीय लोग चित्तौड़खाल में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने यहां जमकर नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि राज्य गठन के बाद से ही प्रदेश के लोग स्थायी राजधानी गैरसैंण में बनाने की मांग कर रहे हैं।

# सास ने दामाद व उसके दोस्तों के खिलाफ तहरीर दी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एक महिला ने अपने दामाद से जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया है। नई बस्ती निवासी जाहिदा बेगम पुत्री मौलाना अब्बास ने एसएसपी को भेजे शिकायत पत्र में कहा है कि वह अपने बेटे के साथ रहती है। उसकी पुत्री सोफिया का विवाह वर्ष 2012 मे इमरान खां पुत्र इकबाल खां उर्फ (बालू) निवासी इन्द्रानगर एक मीनार की मस्जिद के पास हल्द्वानी के साथ हुआ है। उसका दामाद इमरान बिगड़ेल किस्म का व्यक्ति है और उसकी पुत्री के साथ मारपीट करता रहता है और कई बार मार-पीट कर उसकी पुत्री सोफिया को घर से निकाल चुका है। 3 जून को भी उसकी पुत्री के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया था तभी से उसकी पुत्री उसके साथ रह रही है। जिस कारण उसका दामाद उसके परिवार से रंजिश रखता है। आरोप है कि वह घर में घुस कर उसकी पुत्री को तेजाब से जलाने व परिजनों को देख लेने की धमकी देता है। महिला का आरोप है कि 24 जून को उसका पुत्र मौ. दानिश अपने दोस्त मो. फरमान पुत्र काबुल के साथ अपने काम से इन्द्रनगर बड़ी रोड गया था। तभी उसके दामाद इमरान के छोटे भाई साहिल पुत्र इकबाल खां ने उसके साथ मारपीट कर दी जिसमें उसके पुत्र को गंभीर चोट आई है। महिला का कहना है कि उसने मामले की शिकायत बनभूलपुरा थाने में भी की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने एसएसपी से इस मामले में अधीनस्थों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

# महिला पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के कुल्यापुरा में एक महिला पर चाकू से हमला कर दिया गया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे गंभीर हालत में निजी अस्पताल में में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हमला करने वाला महिला का भीतजा है। कुल्यालपुरा में कुसुम गुप्ता अपने पति कालीचरण और एक बेटी के साथ रहती हैं। कुसुम की बेटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने का काम करती हैं। सोमवार की सुबह कुल्यालपुरा स्थित एक मकान में लड़ाई झगड़े की आवाज आ रही थी। लोग कुछ समझ पाते इससे



पहले ही एक मकान से एक युवक हाथ में चाकू लेकर वहां से फरार हो गया। जब लोग मकान में पहुंचे तो वहां देखा कुसुम जमीन पर लुहूलूहान हालत में पड़ी हुई है। उसका गला रेता गया था और पेट और कई अन्य जगह पर भी चाकू के निशान थे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक, एसएसआई महेंद्र प्रसाद, भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र राणा मौके पर पहुंच गए और घायल कुसुम को कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पर महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं महिला पर हमले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कुसुम का सगा भतीजा है। बताया जा रहा हैकि जमीन के विवाद में उसने कुसुम को चाकू से गोद दिया।

**भतीजा ही निकला हमलावर:** कुसुम पर हमला करने का आरोपी उसका अपना सगा भतीजा गौरव गुप्ता उर्फ गोपू पुत्र नरेश कुमार था। बताया जा रहा है कि जमीन के विवाद को लेकर आज सुबह ही घर में झगड़ा हुआ था जिसके बाद उसने कुसुम पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के कुछ ही देर बाद पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पुलिस उससे गहनता से पूछताछ कर रही है।

**एसओजी सहित तीन टीमें गठित:** महिला पर चाकू से हमला करने के मामले में एसपी सिटी ने एसओजी सहित तीन टीमों को खुलासे के लिए लगाया है। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र का कहना है कि मामले का जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही स्थानीय लोगों से भी घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है।